आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- द्वीपों के उपराज्यपाल ने ग्रेट निकोबार में दूर संचार कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- द्वीप पर्यटन महोत्सव में स्टॉलों के आवंटन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर निर्धारित।
- संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, अंडमान निकोबार सर्कल की ओर से रंगत में त्रैमासिक पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- अंडमान निकोबार पुलिस में भर्ती के लिए दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य 30 नवम्बर से शुरू।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा ने ग्रेट निकोबार द्वीप की दूरसंचार बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगभग 5 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से लक्ष्मी नगर से गैलाथिया बे तक लगभग 40 किलोमीटर लंबी ऑल–डाइइलेक्ट्रिक सेल्फ–सपोर्टिंग ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस पहल से ग्रेट निकोबार द्वीप में मजबूत संचार कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

<><><><><><><><>

कैंपबेल बे जिला परिषद सदस्य संजय सिंह और सिख समुदाय के प्रतिनिधि दलविंदर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल के साथ कल उपराज्यपाल, डॉ. दिनेश शर्मा से लोक निवास में मुलाकात कर स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा, गुप्तपाड़ा निर्वाचन क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी ने भी प्रतिनिधिमंडल के साथ उपराज्यपाल से मुलाकात की और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

<><><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने प्रदर्शनी मैदान में 27 से 31 दिसंबर तक आयोजित होने वाले द्वीप पर्यटन महोत्सव के दौरान फूड स्टॉल, सामान्य स्टॉल, कियोस्क और खुले स्थानों के आवंटन के लिए इच्छुक होटल व्यवसायियों, रेस्तरां मालिकों, निजी फर्मों, खाद्य विक्रेताओं, स्थानीय कारीगरों और अन्य पात्र प्रतिभागियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में विस्तृत दिशानिर्देशों, किराया शुल्क और नियमों व शर्तों के साथ आवेदन पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। भरे हुए आवेदन पत्र, आवश्यक दस्तावेजों और स्टॉल किराए तथा सुरक्षा जमा राशि के डिमांड ड्राफ्ट के साथ 25 नवम्बर को शाम 5 बजे तक परिचालन अनुभाग में जमा करने होंगे। आवेदन पत्रों की जांच 27 नवम्बर को, पुनः विज्ञापन 30 नवम्बर, लॉटरी के माध्यम से स्टॉलों का आवंटन 4 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक और आवंटन पत्र 07 दिसम्बर को जारी किया जाएगा। महोत्सव के दौरान स्टॉलों पर सिंगल–यूज़ प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित है। अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक आवेदक सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निदेशालय के परिचालन प्रबंधक से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला आज से आम जनता के लिए खुल रहा है। मेला सुबह दस बजे से शाम सात बजकर तीस मिनट तक खुला रहेगा, जबकि आम जनता को शाम पांच बजकर तीस मिनट तक प्रवेश दिया जाएगा। मेले के टिकट आधिकारिक वेबसाइट और आई.आई.टी.एफ. 2026 मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन बुक किए जा सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को सामान्य दिनों में वैध सरकारी पहचान पत्र दिखाने पर निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री भारतीय जन–औषधि परियोजना के तहत आम जनता को किफायती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, इच्छुक व्यक्तियों, उद्यमियों, प्रोपराइटरों, गैर–सरकारी संगठनों, धर्मार्थ संगठनों, ट्रस्टों, सोसायटियों, फर्मों और निजी कंपनियों को द्वीपसमूह में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पात्र आवेदक पीएमबीआई के आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदकों को उपयुक्त परिसर की उपलब्धता, योग्य पंजीकृत फार्मासिस्ट की नियुक्ति, आवश्यक ड्रग लाइसेंस और आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी www.janaushadhi.gov.in पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, अंडमान निकोबार सर्कल की ओर से रंगत के बीएसएनएल कार्यालय में दूरसंचार विभाग के पेंशनभोगियों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत और डीएलसी 5.0 अभियान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 23 नवंबर को सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। इस संबंध में सभी पेंशनभोगियों से अपनी शिकायतें डाक या ईमेल के माध्यम से 20 नवंबर तक कार्यालय में भेजने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए, पेंशनभोगी सहायक लेखा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस में भर्ती के लिए शारीरिक परीक्षा उत्तीर्ण हुए सभी अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन का कार्य किया जाएगा। यह प्रक्रिया 30 नवम्बर से द्वीपों के विभिन्न निर्धारित केंद्रों पर शुरू की जाएगी। श्री विजय पुरम, मायाबंदर, कार निकोबार और कैंपबेल बे में दस्तावेज़ सत्यापन कार्य का विवरण कल से 23 नवम्बर तक पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट police.andamannicobar.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार पुलिस मुख्यालय में भर्ती प्रकोष्ठ से ई–मेल या फोन के माध्यम से सभी कार्य दिवसों में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

मेरा युवा भारत, कार निकोबार की ओर से कल आईटीआई, आरोंग में 'विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा' विषय के तहत जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027' के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जनजातीय परिषद, कार निकोबार के संयुक्त सचिव ओथनील सोलोमन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दे पर अपने विचार व्यक्त किए। जिला स्तर पर चयनित प्रतिनिधियों को श्री विजयपुरम में राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे और उन्हें जनवरी 2027 में संसद में राष्ट्रीय स्तर की विकसित भारत युवा संसद में भाग लेने अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के सहयोग से हाल ही में आपदा तैयारी, आपातकालीन प्रतिक्रिया और जीवन रक्षक तकनीकों पर एक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ के टीम कमांडर और सब–इंस्पेक्टर कौशल कुमार परारी ने छात्रों को आपातकालीन स्थितियों के दौरान तैयारी, समय पर प्रतिक्रिया, बचाव कार्यों और समन्वय के महत्व के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय में 1 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर जिला सलाहकार के 2 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में, पात्र और अपात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है। यह सूची आपदा प्रबंधन निदेशालय और प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति की ओर से महाविद्यालय के शिक्षण एवं गैर–शिक्षण कर्मचारियों के लिए कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनी व्यवस्थाओं के प्रति महिलाओं को जागरूक करना था।

इस अवसर पर निजी समाजसेवी संस्था की अध्यक्ष रुबीना सिद्दीकी ने यौन उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी प्रावधानों और सिद्धांतों पर जानकारीपूर्ण एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किया।

<><><><><><><>